**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**डाक विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2649**
**उत्तर देने की तारीख 11 दिसम्बर, 2024**

**गोवा के डाकघर में रोजगार**

**2649. कैप्टन विरयाटो फर्नांडीस :**

**क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र से गोवा में कार्यरत डाक-कर्मियों की संख्या कितनी है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान स्थानीय लोगों की सेवाएं बंद करने और उनके स्थान पर महाराष्ट्र के उम्मीदवारों को नियुक्त करने के क्या कारण हैं; और

(ग) इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि डाकघरों में कार्मिकों के नियोजन के लिए स्थानीय भाषा महत्वपूर्ण है, गोवा में डाकघरों में कार्मिकों को नियुक्त करने के लिए कोंकणी भाषा को अनिवार्य मानदंड न बनाए जाने के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र से गोवा में कार्यरत डाक-कर्मियों की संख्या का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| **वर्ष** | **2020** | **2021** | **2022** | **2023** | **2024** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नियोजित डाक-कर्मियों की सं. | 05 | 19 | 18 | 19 | 10 | 71 |

(ख) स्टॉप गैप अरेंजमेंट, स्थानीय तौर पर केवल अस्थायी रूप से रिक्त पदों के लिए किया जाता है। अतः किसी पद के भर जाने के बाद, स्टॉप गैप अरेंजमेंट को समाप्त कर दिया जाता है।

(ग) सभी संवर्गों के अंतर्गत भर्ती, संगत भर्ती नियमों के अनुसार की जाती है। गोवा राज्य में स्थित डाक डिवीजनों के लिए, पोस्टमैन के रूप में नियुक्ति हेतु मराठी और कोंकणी भाषाओं का ज्ञान अनिवार्य है।

*****